# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editor.wagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-247 | सागवाड़ा, मंगलवार, 24 मई, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# जिलाध्यक्ष खोडनिया के समर्थन में आये कांग्रेस के युवा नेता

## पूर्व विधायक बामणिया के विरोध में उतरें कांग्रेसी, परिवार के लोगों को ही राजनीति में आगे करने का आरोप लगाया

**सागवाडा।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश खोडनिया के खिलाफ बयान बाजी के बाद अब समर्थन में भी आवाजें उठने लगी है। मंगलवार को डाक बंगले में कांग्रेस के युवा और बुजुर्ग नेताओं ने दिनेश खोडनिया का खुलकर समर्थन किया। सरपंच संघ सागवाडा के अध्यक्ष और युवा नेता कैलाश रोत ने कहां कि पिछले साढे तीन साल में सुरेंद्र बामणिया गायब रहे और जनता के लिए 24 घंटे अपना कार्यालय खुले रखने वाले जिला अध्यक्ष के खिलाफ प्रेस कॉन्फ्रेंस करने का समय उन्हें मिल गया ताकि उनका नुकसान किया जा सके। बामणिया जब विधायक थे तब यह कहते थे कि मुजे मंत्री नहीं बनाया मेरी चलती नहीं है इसलिए किसी कार्यकर्ता का काम नहीं किया तो चुनाव हार ना ही था। सुरेंद्र बामणिया ने किसी आदिवासी युवा को आगे नही आने दिया और अपने ही परिवार के लोगों को आगे करते रहे। युवा नेता धीरज मेहता ने कहां कि जिला अध्यक्ष खोडनिया ने आदिवासी युवाओं की मदद करके उनकी आगे पहचान करवाते हैं और खोड़निया ने कार्यकर्ताओं के कहने पर हमारे क्षेत्र में करोड़ों का बजट दिलाया। ओबरी व सरोदा में पुलिस थाना खुलवाया, उप तहसील खुलवाइ टामटिया में जकड़ा पुल की स्वीकृत दिलाई, छानी मगरी रोड गुरु गोविंद का पैनारोमा के लिए 10 करोड़ और गोरेश्वर महादेव मन्दिर के विकास के लिए 5 करोड़ दिलवाए। भीलूडा व टामटिया में सीएचसी खुलवाई एवं कई गांवो में अंग्रेजी स्कूल खुलवाए, चितरी से भेमई तक पेयजल योजना की स्वीकृति दिलाई।



इन सब विकास कार्यों में सुरेंद्र बामणिया या उनकी चौकड़ी का कोई योगदान नहीं है। सुरेंद्र बामणिया अगर जनता के प्रति समर्पित होते तो उन्हें क्षेत्र के विकास के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस करनी चाहिए थी ना कि कांग्रेस जिला अध्यक्ष के खिलाफ बोल कर जनता के बीच अपने झगड़े दिखाते। पूर्व विधायक नगर पालिका चुनाव में तो नहीं आए लेकिन एक साल में करोड़ के विकास कार्यो का उद्घाटन व शिलान्यास समारोह रहे। पिछले 10 साल से ब्लॉक कांग्रेस को अपनी जेब की संस्था बना रखा है, ब्लॉक कांग्रेस की बैठक भी अपने घर में करते हैं और कुछ विशेष के लोगों को ही बुलाकर आम कांग्रेस जनों को दूर रखते हैं। सब नेताओं ने कहा कि सरेंद्र बामणिया को कांग्रेस के प्रति जरा भी श्रद्धा होती तो संसद कनकमल कटारा द्वारा कांग्रेस नगर पालिका बोर्ड के विकास कार्यों के खिलाफ रोज बयान बाजी के खिलाफ एक शब्द बोलते तो उनकी गरिमा रहती। नेताओं ने कहा कि तीन पीढ़ियों से इनका परिवार राज कर रहा है उन्हें पार्टी भी कांग्रेस का नेता और पार्टी के अंदरूनी झगड़े प्रेस में नहीं बोले। इस दौरान दितीया कटारा, जितेन्द्र जी खराडी, देवीलाल कटारा, शंकरलाल डामोर, जिला महामंत्री भरत भट्ट, सुरेश जोशी, कपिल सुथार, प्रभाशंकर पुरोहित, रोहित पाटीदार, जतीन व्यास मौजूद थे।

### इस बार युवा को मिले सागवाडा से मौका

सभी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि सागवाडा में किसी युवा आदिवासी नेता को मौका दिया जाना चाहि। सागवाडा कांग्रेस में बदलाव की आवश्यकता है। एक ही व्यक्ति को बारबार चुनाव में मौका देने से कांग्रेस कमजोर हुई है। इसलिये किसी युवा को इस बार मौका मिलना चाहिए।

# मावजी फाउंडेशन और माव संग्रहालय के प्रभारी रहे खडगदा के डॉ. पंड्या का निधन



**डूंगरपुर।** जिले के इतिहास, कला और साहित्य पर शोध कर उल्लेखनीय उपलब्धिया हासिल करने वाले खडगदा निवासी डॉ. रविंद्र डी. पंड्या का मंगलवार को निधन हो गया। वे हृदय रोग से पीडित थे। पिछले दो माह से गुजरात के आणंद में उनका इलाज चल रहा था। मंगलवार को उनका खडगदा में उनका अंतिम संस्कार किया गया। भट्ट मेवाडा ब्राह्मण समाज खडगदा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विमलेश पंड्या ने बताया कि 2 फरवरी1946को जन्में डॉ. पंड्या ने अपने जीवन में कई उपलब्धियों को हासिल किया। वे सह-समन्वयक-इन्टैक भारतीय सांस्कृतिक निधि-डूंगरपुर, प्रभारी श्रीमावजी महाराज शोध एवं प्राच्य संग्रहालय प्रतिष्ठान (बेणेश्वर म्यूजियम), मेम्बर- रॉक आर्ट सोसायटी ऑफ इण्डिया (आगरा), सदस्य हूमड इतिहास शोध समिति, पूर्व सदस्य - 14वीं सरस्वती सभा, राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर के पद पर रहे। पंड्या ने बेणेश्वर धाम पर संत मावजी रचित साहित्य (चौपडा) का अध्ययन कर उसके तथ्यों को प्रकाश में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इनके प्रयासों से ही बेणेश्वर धाम पर संत मावजी संग्रहालय स्थापना हुई। इन्होने देश प्रदेश में स्थित गुफाओं के भित्तिचित्रों के अध्ययन में महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने गलियाकोट, सरथुना सहित अन्य ऐतिहासिक और पौराणिक स्थानों के इतिहास, वास्तुशिल्प और कला संस्कृति पर बहुत सा लेखन किया। उन्हें जिला प्रशासन द्वारा वर्ष 1991, 1993, 1997, 2003 में स्वतंत्रता दिवस/ गणतन्त्र दिवस समारोह में सम्मानित किया गया। सैफी फाउण्डेशन मुम्बई, अरबी अकादमी सूरत, पाटण कला परिषद् (उत्तर गुजरात) द्वारा सम्मानित हुए थे। लायन्स क्लब/ महावीर इन्टरनेशनल द्वारा, जैमिनी अकादमी (हरियाणा) द्वारा आचार्य की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। वागड़-भूषण सम्मान, श्रीमावजी फाउण्डेशन अलंकरण सम्मान, 6 जुलाई, 2001 को राजस्थान पत्रिका (स्वर्णिम महोत्सव) द्वारा सम्मान दिया गया। 26 फरवरी 2006 को राजस्थान सेवासंघ डूंगरपुर द्वारा सम्मान, 13 नवम्बर 2001 को जगधात्री माता ट्रस्ट एवं देवस्थान निधि डूंगरपुर द्वारा प्रोत्साहन, विश्वकर्मा गुजराती मेवाड़ा सुथार समाज, चौखला छासठ, जिला- डूंगरपुर द्वारा भी सम्मानित किया गया। 3 फरवरी 2011 को फेडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज । अगस्त, 2011 हूमड इतिहास शोध समिति सभा की ओर से भी सम्मान दिया गया। उन्होंने ने वर्ष 1977 में श्रीलंका की और 1982 में नेपाल की यात्रा कर कई शौध किये। उन्होंने ने अरथुना के मंदिर, वागड के क्षेत्रपाल, वागड की भित्तिचित्र, गलियाकोट दर्शन, महारासलिला और मावजी जीवन दर्पण में झाँकती श्रीकृष्णलीला जैसे विषय पर किताबें लिखी। उन्होंने 80 से अधिक शौधपत्र, 26 से अधिक वार्ताएं और हिंदी व अंग्रेजी से जुडे अखबारे में साहित्य, कला और संस्कृति से जुडे लेख प्रकाशित हुए।

# बेटी की गर्भ में हत्या जघन्य अपराध है: परसादी लाल मीणा

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने मंगलवार को स्वास्थ्य भवन स्थित सभागार में राज्य पर्यवेक्षण बोर्ड-पीसीपीएनडी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बेटी की गर्भ में हत्या सामाजिक बुराई के साथ-साथ एक जघन्य अपराध है। हम सबको मिलकर इसे बंद करवाना है। उन्होंने कहा कि शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग डॉ. पृथ्वी एवं मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में चिकित्सा विभाग बेटियों की गर्भ में हत्या रोकने के लिए अच्छा कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में सोनोग्राफी सेन्टरों के 2200 निरीक्षण किये गये थे उसकी तुलना में पिछले 4 माह में लगभग 2500 से सोनोग्राफी केन्द्रों का निरीक्षण किया जाना इस बात को प्रमाणित करता है कि चिकित्सा विभाग के अधिकारी और कर्मचारी पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य कर रहे हैं।

**हम सबको मिलकर इसे बंद करवाना है**

# कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना राज्य सरकार का दायित्व :गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राजस्थान में पुरानी पेंशन योजना फिर से लागू किए जाने पर विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधिमण्डल ने उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। गहलोत मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर ओपीएस, मंत्रालयिक संवर्ग में 8400 पद सृजित करने, आरजीएचएस में अंशदान, कई बोर्ड निगमों में 7वें वेतन आयोग को लागू करने, मृत कर्मचारी के आश्रित को अनुकम्पा नियुक्ति के पुराने मामलों का निस्तारण सहित कई कर्मचारी हितेषी फैसले लेने के लिए आरटीडीसी कर्मचारी संघ, राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ एकीकृत, राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ, वाणिज्य कर कर्मचारी संघ, रोड़वेज कर्मचारी संघ सहित अन्य कर्मचारी संगठनों ने राजस्थान पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड़ के नेतृत्व में आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गहलोत ने कहा कि किसी भी सरकार के गवर्नेंस में उसके कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है, ऐसे में कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना सरकार का दायित्व बनता है। वर्ष 2022-23 के बजट में पुरानी पेंशन योजना लागू करने का फैसला मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर लिया गया है। जीवन के अहम वर्ष सरकार को देने वाले अधिकारी-कर्मचारी को अपने बुढ़ापे में किसी तरह की चिंता नहीं रहे और उन्हें सामाजिक सुरक्षा मिले, यहीं सोचकर ओपीएस को प्रदेश में लागू किया है।

# CA दो लाख रुपए और LDC 1 लाख 90 हजार रुपए की रिश्वत लेते ट्रैप



**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) राजस्थान में लगातार ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही हैं। रोजाना एसीबी घूसखोर अधिकारी और कर्मचारियों पर शिकंजा कस रही हैं।ताजा मामला प्रदेश की राजधानी जयपुर का है, जहां पर ACB ने एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए घूसखोर CA पुनीत मोहनोत को दबोचा है। दूसरी कार्रवाई राजस्थान नर्सिंग काउंसिल में हुई है। जहां पर LDC नंदकिशोर शर्मा को ACB ने ट्रैप किया है। एसीबी रिश्वत खोरों पर लगातार लगाम कस रही है, जयपुर में ACB ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए CA पुनीत मोहनोत को ट्रैप किया है। सीए को 2 लाख रुपए की रिश्वत लेते दबोचा है। इनकम टैक्स अधिकारियों के लिए रिश्वत लेते CA ट्रैप हुआ है।ACB ने पुनीत मोहनोत को 2 लाख रुपए की रिश्वत लेते दबोचा है। व्यापारी से CA पुनीत मोहनोत घूस मांग रहा था। ACB ASP पुष्पेंद्रसिंह राठौड़ के निर्देशन में कार्रवाई हुई है। ACB ने दूसरी कार्रवाई राजस्थान नर्सिंग काउंसिल में की है। यहां पर LDC नंदकिशोर शर्मा को ट्रैप किया गया है। 1 लाख 90 हजार रुपए की घूस लेते ट्रैप किया है। घूस देने वाले बंशीलाल गुर्जर को भी ACB ने दबोचा है। नर्सिंग कॉलेज में दाखिला दिलाने की एवज में घूस ली थी।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पुनिया का डूंगरपुर दौरा

## पूर्व विधायक कटारा ने पुनिया का कमल पुष्प भेट कर किया स्वागत



**सागवाड़ा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया मंगलवार को एक दिवसीय डूंगरपुर जिले के दौरे पर रहे। प्रदेशाध्यक्ष पुनिया जिले का दौरा करते हुए डूँगरपुर से हिराता,ओबरी, चितरी होते हुए गलियाकोट पहुँचे।

जहां सागवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक अनिता कटारा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पूनिया का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक अनिता कटारा ने प्रदेशाध्यक्ष सतीश पुनिया को कमल का फूल भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया।

वही प्रदेशाध्यक्ष पुनिया का गलियाकोट चौकी के पास पूर्व विधायक कटारा और कार्यकर्ताओ ने साफा शाल व मोतियों की माला पहना कर स्वागत किया। वही इस दौरान पुनिया के साथ प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, जिलाध्यक्ष प्रभु पंडया का भी गर्मजोशी के साथ कटारा व कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया। वही पुनिया ने स्वागत के दौरान चौकी के पीछे मेरनाथ महादेव मंदिर के बारे में स्थानीय कार्यकर्तों से जानकारी लेते हुए मंदिर की पौराणिकता को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर शैलेष भट्ट, सुनील पंड्या, मुकेश पंड्या, विजय कुमार जैन , देवीलाल सुथार, जयंतीलाल बोबड़ा सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# साकरसी सरपंच ने वार्ड पंच सहित 6 के खिलाफ कराया मामला दर्ज, कहा मेरे पुत्र की हत्या की नियत से किया हमला

**सीमलवाड़ा।** साकरसी सरपंच ने भी वार्ड पंच सहित 6 नामजद एवं अन्य लोगों के खिलाफ रास्ते जाते हत्या करने की नियत से हमला करने , स्त्री लज्जा भंग करने का आरोप लगाया है, साथ ही वार्ड पंच पर बार बार विकास कर विकास कार्य एवं राजकार्य में बाधा उत्पन्न करने, झूठी रिपोर्ट देने का भी आरोप लगाया है।

धंबोला सीआई भैया लाल आंजना ने बताया कि सरपंच जसोदा पत्नी दिनेश्वर मालीवाड ने रिपोर्ट दी है जिसमें वार्ड पंच बाबूलाल पुत्र प्रभु डिंडोर, लक्ष्मण पुत्र प्रभु, प्रभु पुत्र मेगा, शारदा पत्नी लक्ष्मण, दिनेश की पत्नी एवं अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि 21 मई शाम 5 से 6 बजे सरपंच का पुत्र विवेक व उसका दोस्त नरेश व महेश जोकि नरेश की शादी का निमंत्रण तंबोलिया देकर पैदल पैदल लौट रहे थे कि रास्ते में बाबूलाल वगैरा ने रास्ता रोककर तेरी मां सरपंच हमारी बात नहीं मानती है, मेरा काम नहीं करती है, चिल्लाते हुए हमला कर दिया। जिसकी सूचना सरपंच को मिलने पर सरपंच जसोदा देवी दौड़कर मौके पर पहुंची उसके साथ भी मारपीट की। जेठ के पुत्री के साथ भी मारपीट करने का आरोप लगाया है। वारदात में विवेक, नरेश को गंभीर चोटें आई हैं एवं अस्पताल में भर्ती कराया है। रिपोर्ट में बताया कि वार्ड पंच बापुलाल डिंडोर जोकि सरपंच पुत्र की हत्या की नियत से हमला किया, दूसरी ओर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य में रूकावट जानबूझ कर डाल रहा है, झूठी रिपोर्ट देकर बार बार परेशान कर रहा है। सीआई भैया लाल आंजना ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि वार्ड पंच बापूलाल डेंडोर ने भी सरपंच सहित 12 लोगों के खिलाफ घर में तोड़फोड़, मारपीट, बाइक को नुकसान पहुंचाने, स्त्री लज्जा भंग का आरोप लगा मामला दर्ज कराया है।

# सचिन पायलट को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**उदयपुर।** उदयपुर में हुए कांग्रेस के चिंतन शिविर के बाद अब Congress पार्टी एक्शन मोड में है। दिल्ली में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लीडरशिप नए नए फैसले ले रही है। उसी सिलसिले में अब मिशन 2024 से पहले तीन कमेटियां बनाई है। इसमें से एक कमेटी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बनाई है। जिसे टास्क फोर्स 2024 नाम दिया गया है। राजनीतिक मामलों को देखने के लिए पॉलिटिकल अफेयर ग्रुप का गठन भी किया है। इसके अलावा भारत जोड़ो यात्रा को लेकर सेंट्रल प्लानिंग ग्रुप फॉर कॉर्डिनेशन का गठन किया गया है।

# महाराणा प्रताप की जन्म व कर्म स्थली सहित 5 स्थानों की मिट्टी लेकर डूंगरपुर पहुंची कलश यात्रा

## राजपूत समाज ने किया स्वागत, 2 जून को धूमधाम से मनाई जायेगी महाराणा प्रताप जयंती

डूंगरपुर। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जन्म स्थली एवं कर्म स्थली से जुड़े 5 स्थानों की पवित्र मिट्टी लेकर कलश यात्रा आज डूंगरपुर पहुंची। डूंगरपुर शहर की सीमा में पहुंचने पर राजपूत समाज के प्रतिनिधियों ने कलश यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान महाराणा प्रताप के जयकारे गूंज उठे 7

जिले में 2 जून को राजपूत समाज की ओर से महाराणा प्रताप की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई जायेगी 7 इसी के तहत वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जन्म स्थली एवं कर्म स्थली से जुड़े 5 स्थानों की पवित्र मिट्टी लेकर कलश यात्रा आज डूंगरपुर पहुंची। इस दौरान डूंगरपुर शहर की सीमा पर कलश यात्रा पहुँचने पर समाज के लोगो ने यात्रा का स्वागत किया 7 इस मौके पर राजपूत समाज के प्रतिनिधि जितेन्द्रसिंह बियोला ने बताया कि डूंगरपुर जिले में आगामी 2 जून को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। महाराणा प्रताप की जयंती के दिन जिला मुख्यालय पर राजपूत समाज की ओर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें सर्व समाज को आमंत्रित किया जाएगा। शोभयात्रा को भव्य बनाने की तैयारियों के तहत नगर कार्यकारिणी डूंगरपुर के द्वारा महाराणा प्रताप के जन्म व कर्म स्थल चावंड, बंडोली, गोगुंदा, हल्दीघाटी ओर कुंभलगढ़ से पवित्र मिट्टी 10 कलशों में भरकर मंगवाई गई है। आज यह कलश डूंगरपूर पहुचे है वही कल से जिले के 10 ब्लॉक में पवित्र मिट्टी से भरा एक-एक कलश भेजा जाएगा। समाज के कार्यकर्ता गांव-गांव जाएंगे और इस पवित्र मिट्टी से तिलक कर लोगो को 2 जून की शोभायात्रा में शामिल होने का न्योता देंगे। विमला ने बताया कि महाराणा प्रताप की जयंती को भव्य तरीके से मनाने के लिए राजपूत समाज जोर-शोर से तैयारियों में जुटा हुआ है।

# कांग्रेस न तो अपने नेताओ, न कार्यकर्ताओं ओर न ही जनता को संतुष्ट कर पाई

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनिया का दौरा, कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा-कांग्रेस पार्टी एक ऐसा डूबता जहाज जिसे देश की जनता ने पूरी तरह से नकार दिया

डूंगरपुर। राजस्थान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनिया बांसवाडा जाते समय डूंगरपुर जिले में थोड़ी देर रुके। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनिया भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष के निवास पर मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष पुनिया ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा की कांग्रेस एक ऐसा डूबता जहाज है जिसे देश की जनता ने पूरी तरह से नकार दिया है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनिया आज डूंगरपुर जिले के दौरे पर रहे। गुजरात से राजस्थान के रतनपुर बोर्डर पर प्रवेश करने पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभु पंड्या, सभापति अमृतलाल कलासुआ सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओ ने पुनिया का स्वागत किया। इधर इसके बाद सतीश पुनिया रतनपुर बोर्डर से डूंगरपुर शहर के लिए रवाना हुए इस दौरान जगह-जगह पर सतीश पुनिया का स्वागत किया गया। इधर अपने दौरे के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनिया डूंगरपुर शहर में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गुरु प्रसाद के निवास पर मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा।

प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा की प्रदेश के तीन साल के कार्यकाल में कांग्रेस की गहलोत सरकार फेल साबित हुई है। इसके खिलाफ भाजपा पूरे प्रदेश में जनाक्रोश आंदोलन चलाकर लोगों को जागरूक करेगी। राज्यसभा सांसद चुनावो को लेकर सतीश पूनिया ने कहा की राजस्थान में 3 सीटे है, जिसमे से 2 कांग्रेस और एक भाजपा के खाते में आती नजर आ रही है। टिकिट को लेकर उन्होंने आने वाले वक्त में राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए टिकिट मिलने की बात कही। यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष और विधायक गणेश घोघरा के इस्तीफे को लेकर सतीश पूनिया ने कहा की कांग्रेस अब एक ऐसा डूबता जहाज है। जिसे वैचारिक नीतियों, सैद्धांतिक आधार पर देश की जनता ने नकार दिया है। कांग्रेस को 55 साल तक बहुत बड़ा अवसर मिला। देश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जनधन खाते, वन संपदा संरक्षण तमाम योजनाओं का लाभ आदिवासी क्षेत्र को मिला है। कांग्रेस में वंशवाद और परिवारवाद है वो उनके विकास का बड़ा बाधक है। लेकिन ये उनकी मजबूरी, जरूरत ओर समस्या तीनों है। इससे जब तक वे बाहर नहीं आयेंगे तब तक संभावना कम है। कांग्रेस में इसी तरह से मोहभंग हो रहा है। आज लोग अपनी जमीन, अपनी माटी और देश की बात कर रहे है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा की कांग्रेस न तो अपने नेताओ, न कार्यकर्ताओं ओर न ही जनता को संतुष्ट कर पाई है। इसलिए कांग्रेस में कभी त्यागपत्र, कभी बयान और कभी धरने के रूप में घटनाएं हो रही है। विधायक गणेश घोघरा का इस्तीफा भी इसी का हिस्सा है।